**Series : Y7XWZ**

**SET~1**

रोल नं.

**Roll No.**

प्रश्न-पत्र कोड
**Q.P. Code 58/7/1**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

• • •

नोट

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23** हैं।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **23** printed pages.

(II) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) Please check that this question paper contains **34** questions.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

#

• • •

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **3** घण्टे*

*अधिकतम अंक : **80***

*Time allowed : **3** hours*

*Maximum Marks : **80***

• • •

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *यह प्रश्न-पत्र **दो** खण्डों में विभाजित है :*

***खण्ड क** – समष्टि अर्थशास्त्र*

***खण्ड ख** – भारतीय आर्थिक विकास*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **20** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है।*

*(iv)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** लघु-उत्तरीय प्रकार-I के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(v)* *इस प्रश्न-पत्र में **6** लघु-उत्तरीय प्रकार-II के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vi)* *इस प्रश्न-पत्र में **4** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 100 से 150 शब्दों में लिखे जाने चाहिए।*

*(vii)* *प्रत्येक प्रश्न के **सभी** भागों के उत्तर एक साथ लिखे जाने चाहिए।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए फोटो, मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*

## खण्ड क

## समष्टि अर्थशास्त्र

**1.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* अन्य बातें समान रहने पर, विदेशी मुद्रा की कीमत और इसकी माँग के बीच सकारात्मक संबंध है।

*कथन 2 :* विदेशी विनिमय दर एक देश की अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में क्रय शक्ति को दर्शाती है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

• • •

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *This question paper contains **two** sections :*

***Section A** – Macro Economics*

***Section B** – Indian Economic Development*

*(iii)* *This question paper contains **20** Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* *This question paper contains **4** Short Answer Type-I questions. Each question carries **3** marks. Answer these questions in 60 to 80 words.*

*(v)* *This question paper contains **6** Short Answer Type-II questions. Each question carries **4** marks. Answer these questions in 80 to 100 words.*

*(vi)* *This question paper contains **4** Long Answer type questions. Each question carries **6** marks. Answer these questions in 100 to 150 words.*

*(vii)* *Attempt **all** parts of a question together.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*

## SECTION A
## Macro Economics

**1.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Keeping other things constant, there exists positive correlation between the price of foreign exchange and its demand.

*Statement 2 :* The foreign exchange rate indicates a country's purchasing power in international markets.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

• • •

**2.** उपलब्ध सूचना का उपयोग करते हुए, निम्नलिखित तालिका को पूरा कीजिए : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

| | 2014 – 2015 | 2016 – 2017 |
|---|---|---|
| मौद्रिक GDP | 6·5 | 9 |
| वास्तविक GDP | ...(i)... | 7·2 |
| GDP अपस्फीतिकारक | 100 | ...(ii)... |

**विकल्प :**

(A) 125, 100 (B) 125, 110

(C) 6·5, 125 (D) 100, 6·5

**3.** भारत में ____________ मुद्रा आपूर्ति के आँकड़े जारी करता है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) कॉर्पोरेशन बैंक

(B) भारतीय रिज़र्व बैंक

(C) वाणिज्यिक बैंक

(D) भारतीय स्टेट बैंक

**4.** निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए : *1*

*अभिकथन (A) :* किसी भारतीय कंपनी द्वारा विदेशी कंपनियों को प्रदान की जाने वाली नौवहन (shipping) सेवाओं को भुगतान संतुलन (BOP) के चालू खाते में दर्ज किया जाएगा।

*कारण (R) :* भुगतान संतुलन (BOP) का चालू खाता भारत के निवासियों की परिसम्पत्तियों या देयताओं की स्थिति में परिवर्तन नहीं करता है।

**विकल्प :**

(A) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।

(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, लेकिन कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) अभिकथन (A) सत्य है, लेकिन कारण (R) असत्य है।

(D) अभिकथन (A) असत्य है, लेकिन कारण (R) सत्य है।

• • •

**2.** Using the given information, complete the following table : *1*

(Choose the correct option)

| | 2014 – 2015 | 2016 – 2017 |
|---|---|---|
| Nominal GDP | 6·5 | 9 |
| Real GDP | ...(i)... | 7·2 |
| GDP deflator | 100 | ...(ii)... |

**Options :**

(A) 125, 100 (B) 125, 110

(C) 6·5, 125 (D) 100, 6·5

**3.** ____________ releases data of money supply in India. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Corporation Bank

(B) Reserve Bank of India

(C) Commercial Banks

(D) State Bank of India

**4.** Read the following statements – Assertion (A) and Reason (R) carefully. Choose the correct option from those given below : *1*

*Assertion (A) :* Shipping service provided by an Indian company to foreign companies will be recorded in current account of Balance of Payments (BOP).

*Reason (R) :* Current account of Balance of Payments (BOP) does not alter the status of the asset or liabilities of the residents of India.

**Options :**

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

• • •

**5.** वाणिज्यिक बैंकों को साख सृजक कहा जाता है, क्योंकि : *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) वे केन्द्रीय बैंक से प्रतिभूतियाँ क्रय करते हैं।

(B) उनके द्वारा प्रदत्त ऋण जमा राशि उत्पन्न करते हैं।

(C) वे सरकार के बैंकर के रूप में कार्य करते हैं।

(D) वे अर्थव्यवस्था में ऋण दर को विनियमित करते हैं।

**6.** मान लीजिए, उपभोग फलन दिया गया है :

$C = 205 + 0{\cdot}9\ Y$ है (जहाँ C = कुल उपभोग और Y = राष्ट्रीय आय) *1*

निवेश गुणक (K) का मूल्य ______________ होगा।

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) 0·09 (B) 10·0

(C) 0·9 (D) 9·0

**7.** सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) को ______________ फलन के ढलान द्वारा दर्शाया जाता है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) बचत

(B) उपभोग

(C) उत्पादन

(D) लागत

**8.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* खुले बाज़ार संचालन से तात्पर्य, केन्द्रीय बैंक द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों (G-Sec) के क्रय/विक्रय से है।

*कथन 2 :* मुद्रा आपूर्ति को कम करने के लिए, केन्द्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को सरकारी प्रतिभूतियाँ विक्रय करेगा।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

• • •

**5.** Commercial banks are regarded as money creators because : *1*

(Choose the correct option)

(A) they purchase securities from the Central Bank.

(B) loans provided by them create deposits.

(C) they act as a banker to the government.

(D) they regulate the lending rate in the economy.

**6.** Suppose, the consumption function is given as : *1*

C = 205 + 0·9 Y (where C = Total Consumption and Y = National Income)
The value of Investment Multiplier (K) would be ____________.

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) 0·09 (B) 10·0

(C) 0·9 (D) 9·0

**7.** Marginal Propensity to Consume (MPC) exhibits the slope of __________ function. (Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Saving

(B) Consumption

(C) Production

(D) Cost

**8.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* Open Market Operations refers to purchase/sale of Government Securities (G-Sec) by the Central Bank.

*Statement 2 :* To decrease money supply, Central Bank will sell the Government Securities to commercial banks.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.

(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.

(C) Both Statements 1 and 2 are true.

(D) Both Statements 1 and 2 are false.

• • •

**9.** एक लेखांकन वर्ष के दौरान, अर्थव्यवस्था में समग्र व्यय को ____________ के रूप में भी जाना जाता है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) स्वायत्त निवेश

(B) समग्र पूर्ति

(C) समग्र माँग

(D) प्रेरित निवेश

**10.** कीनेसियन अर्थशास्त्र में 45° रेखा ____________ की ओर इंगित करती है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) आय > उपभोग

(B) बचत > निवेश

(C) उपभोग > आय

(D) आय = उपभोग

**11.** (क) निम्नलिखित आँकड़ों से 'ब्रिकी' के मूल्य की गणना कीजिए : *3*

| *क्रम संख्या* | *विवरण* | *राशि (₹ लाख में)* |
|---|---|---|
| (i) | उपदान | 200 |
| (ii) | प्रचालन अधिशेष | 500 |
| (iii) | प्रारंभिक स्टॉक | 100 |
| (iv) | अंतिम स्टॉक | 600 |
| (v) | मध्यवर्ती उपभोग | 3,000 |
| (vi) | स्थिर पूँजी का उपभोग | 700 |
| (vii) | लाभ | 750 |
| (viii) | साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि ($NVA_{FC}$) | 2,000 |

**अथवा**

(ख) आय विधि द्वारा राष्ट्रीय आय का आकलन करते समय बरती जाने वाली किन्हीं दो सावधानियों को उल्लेखित कीजिए व समझाइए। *3*

• • •

**9.** Aggregate expenditure in the economy during an accounting year is also known as __________. (Choose the correct option to fill in the blank) *1*

(A) Autonomous investment

(B) Aggregate supply

(C) Aggregate demand

(D) Induced investment

**10.** The 45° line in Keynesian economics indicates __________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Income > Consumption

(B) Savings > Investments

(C) Consumption > Income

(D) Income = Consumption

**11.** (a) Calculate the value of 'Sales' from the following data : *3*

| *S. No.* | *Particulars* | *Amount (in ₹ lakh)* |
|---|---|---|
| (i) | Subsidies | 200 |
| (ii) | Operating surplus | 500 |
| (iii) | Opening stock | 100 |
| (iv) | Closing stock | 600 |
| (v) | Intermediate consumption | 3,000 |
| (vi) | Consumption of fixed capital | 700 |
| (vii) | Profits | 750 |
| (viii) | Net Value Added at Factor Cost ($NVA_{FC}$) | 2,000 |

**OR**

(b) State and explain any two precautions that must be taken while estimating national income by income method. *3*

• • •

**12.** नीचे दिए गए चित्र में दर्शाए गए, केन्द्रीय बैंक के किसी एक कार्य की पहचान कीजिए व समझाइए : *3*




**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***12*** *के स्थान पर है।*

केन्द्रीय बैंक के किसी एक कार्य की व्याख्या कीजिए। *3*

**13.** (i) "किसी अर्थव्यवस्था में, प्रत्याशित निवेश (I) प्रत्याशित बचत (S) से अधिक है।"
दी गई स्थिति का उत्पाद, रोजगार व आय पर संभावित प्रभावों की व्याख्या कीजिए। *3*

(ii) अधिमाँग को परिभाषित कीजिए। *1*

**14.** (क) (i) भुगतान संतुलन व व्यापार संतुलन में विभेद कीजिए। *3*

(ii) चालू खाता अधिशेष को परिभाषित कीजिए। *1*

**अथवा**

(ख) (i) उपयुक्त उदाहरण का उपयोग करते हुए, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) व विदेशी संस्थागत निवेश (FII) में अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

(ii) पूँजी खाते के घटक के रूप में विदेशी सहायता (External Assistance) के किसी एक उदाहरण का उल्लेख कीजिए। *1*

**15.** "किसी अर्थव्यवस्था में अपस्फीतिकारी अंतराल की स्थिति को सही करने में मार्जिन आवश्यकताएँ अत्यंत सहायक होती हैं।"
दिए गए कथन का, मान्य तर्कों सहित औचित्य सिद्ध कीजिए। *4*

**12.** Identify and explain any one function of Central Bank as indicated in the image given below : *3*




***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***12****.*

Explain any one function of Central Bank. *3*

**13.** (i) "In an economy, ex-ante investment (I) exceeds ex-ante savings (S)."

Explain the likely impact of the given situation on output, employment and income. *3*

(ii) Define excess demand. *1*

**14.** (a) (i) Distinguish between Balance of Payments and Balance of Trade. *3*

(ii) Define Current Account Surplus. *1*

**OR**

(b) (i) Using suitable example, distinguish between Foreign Direct Investments (FDI) and Foreign Institutional Investments (FII). *3*

(ii) State one example of External Assistance as a component of capital account. *1*

**15.** "Margin requirements are extremely helpful in correcting the situation of deflationary gap in an economy".

Justify the given statement with valid arguments. *4*

• • •

**16.** (क) (i) "घरेलू आय सदैव राष्ट्रीय आय से कम होती है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत कीजिए। *3*

(ii) उपयुक्त उदाहरणों सहित, धनात्मक बाह्यताओं व ऋणात्मक बाह्यताओं में अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) (i) "एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में, गृहस्थों द्वारा किया गया उपभोग व्यय सदैव फर्मों द्वारा उत्पादित वस्तुओं व सेवाओं पर हुए समग्र व्यय के बराबर होता है।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में वैध व्याख्या दीजिए। *3*

(ii) "दोहरी गणना समस्या के कारण किसी अर्थव्यवस्था में उत्पादन का अनुमान अधिक लग जाता है।"

उपयुक्त उदाहरण की सहायता से, दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*

**17.** निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें :

केन्द्रीय बजट 2025-26 में सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कई उपाय प्रस्तुत किए गए हैं। यह कृषि, निवेश व निर्यात के साथ-साथ भारत की विकास यात्रा में MSME की भूमिका को एक प्रमुख इंजन के रूप में मान्यता देता है।

भारत के औद्योगिक परिदृश्य में एक महत्त्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में MSME क्षेत्र, विनिर्माण क्षेत्र, निर्यात व रोजगार सृजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

नए बजटीय प्रावधानों का उद्देश्य नवाचार को प्रोत्साहित करके, प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि करके तथा संसाधनों तक बेहतर पहुँच सुनिश्चित करके, एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करना है।

इसके अलावा उद्यम पंजीकरण पोर्टल, PM विश्वकर्मा, PMEGP, SFURTI तथा सार्वजनिक क्रय नीति जैसी सरकार की विद्यमान पहलों ने MSMEs को एकीकृत व सशक्त बनाने की दिशा में एक संयुक्त प्रयास को प्रदर्शित करना जारी रखा है।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) "MSMEs भारत की विकास यात्रा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत कीजिए। *3*

(ख) MSMEs को सशक्त करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख उपायों की व्याख्या कीजिए। *3*

• • •

**16.** (a) (i) "Domestic income is always less than national income."
Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid arguments. *3*

(ii) Distinguish between positive externalities and negative externalities with suitable examples. *3*

**OR**

(b) (i) "In a two-sector economy, consumption expenditure by households is always equal to aggregate expenditure on goods and services produced by the firms."
Do you agree with the given statement ? Support your answer with valid explanation. *3*

(ii) "Problem of Double Counting leads to overestimation of output in an economy."
Justify the given statement with the help of suitable example. *3*

**17.** Read the following text carefully :

The Union Budget 2025-26 introduces a series of measures aimed at strengthening the Micro, Small and Medium Enterprises (MSME) sector. It recognises the role of MSMEs as one of the key engines in India's journey of development, along with agriculture, investment and exports.

As a vital contributor to India's industrial landscape, the MSME sector plays a crucial role in manufacturing sector, exports and employment generation.

The new budgetary provisions aim to build on this strong foundation by fostering innovation, enhancing competitiveness and ensuring better access to resources.

Furthermore, the Government's ongoing initiatives like Udyam registration portal, PM Vishwakarma, PMEGP, SFURTI, and the Public Procurement Policy continue to demonstrate a combined effort towards integrating and empowering MSMEs.

On the basis of given text and common understanding, answer the following questions :

(a) "MSMEs play a pivotal role in the India's journey of development Do you agree with the given statement ?" Give valid reason in support of your answer. *3*

(b) Explain key measures initiated by the Government for strengthening MSMEs. *3*

## खण्ड ख

## भारतीय आर्थिक विकास

**18.** पहचान कीजिए कि, निम्नलिखित में से कौन-सी भौतिक पूँजी की एक विशेषता ***नहीं*** है। *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(i) मूर्तता (Tangibility)

(ii) व्यापार योग्यता (Tradability)

(iii) स्थिरता (Immobility)

**विकल्प :**

(A) (i) व (ii) (B) (ii) व (iii)

(C) (i) व (iii) (D) (i), (ii) व (iii)

**19.** सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) का मुख्य लाभार्थी __________ होता है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) मजदूर (B) उपभोक्ता

(C) व्यापारी (क्रेता) (D) कृषक

**20.** किसी भी अर्थव्यवस्था में रोजगार के औपचारिक क्षेत्र से संबंधित ***असत्य*** विशेषता की पहचान कीजिए। *1*

(सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) रोजगार सुरक्षा (B) सामाजिक सुरक्षा लाभ

(C) अनियमित भुगतान (D) निश्चित कार्य घंटे

**21.** निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए : *1*

*कथन 1 :* भारत में जल व वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान हेतु भारत सरकार ने केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) की स्थापना की थी।

*कथन 2 :* वनों की कटाई से स्वदेशी वनों (indigenous forests) का स्थायी विनाश होता है।

दिए गए कथनों के आलोक में, निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।

(B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है।

(C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।

## SECTION B
## Indian Economic Development

**18.** Identify, which of the following is ***not*** a feature of physical capital. *1*

(Choose the correct option)

(i) Tangibility
(ii) Tradability
(iii) Immobility

**Options :**

(A) (i) and (ii) (B) (ii) and (iii)
(C) (i) and (iii) (D) (i), (ii) and (iii)

**19.** Prime beneficiary of the Minimum Support Price (MSP) fixed by the government is ____________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Labourer (B) Consumer
(C) Trader (Buyer) (D) Farmer

**20.** Identify, the ***incorrect*** feature associated with the formal sector of employment in any economy. *1*

(Choose the correct option)

(A) Job security (B) Social security benefits
(C) Irregular payments (D) Fixed working hours

**21.** Read the following statements carefully : *1*

*Statement 1 :* In order to address the problem of water and air pollution in India, the Government of India had established the Central Pollution Control Board (CPCB).

*Statement 2 :* Deforestation leads to the permanent destruction of indigenous forests.

In the light of the given statements, choose the correct option from the following :

(A) Statement 1 is true and Statement 2 is false.
(B) Statement 1 is false and Statement 2 is true.
(C) Both Statements 1 and 2 are true.
(D) Both Statements 1 and 2 are false.

• • •

**22.** आधुनिकीकरण एक महत्त्वपूर्ण आर्थिक नियोजन उद्देश्य है, जो ____________ पर केन्द्रित होता है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(i) नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाने

(ii) सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन लाने

(iii) आय व संपत्ति के समान वितरण

(iv) बिचौलियों के उन्मूलन

**विकल्प :**

(A) (i) और (iv)  (B) (i) और (iii)

(C) (i), (iii) और (iv)  (D) (i) और (ii)

**23.** हाल में, भारत ने क्षेत्रीय व आर्थिक समूहों में से एक ____________ के शिखर सम्मेलन की मेज़बानी व अध्यक्षता की थी। (रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए) *1*

(A) SAARC  (B) G8

(C) ASEAN  (D) G20

**24.** ____________ बेरोजगारी में किसी श्रमिक की सीमांत उत्पादकता शून्य के बराबर होती है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) मौसमी  (B) संरचनात्मक

(C) अनैच्छिक  (D) प्रच्छन्न

**25.** ____________ जनसांख्यिकीय सूचकों में से एक है, जिसमें पाकिस्तान, भारत व चीन से अग्रणी है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) शहरीकरण  (B) प्रजनन दर

(C) जनसंख्या घनत्व  (D) लैंगिक अनुपात

**26.** _________ क्षेत्र के विस्तार के कारण, हाल के दिनों में, भारत से बाह्य प्रापण बहुत सशक्त हो गई है। *1*

(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(A) कृषि  (B) उत्पादन

(C) सूचना प्रौद्योगिकी  (D) निर्माण

**22.** Modernization is an important economic planning objective that focuses on __________. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(i) Adoption of innovative technology

(ii) Bringing positive change in social outlook

(iii) Equal distribution of income and wealth

(iv) Abolition of intermediaries

**Options :**

(A) (i) and (iv) (B) (i) and (iii)

(C) (i), (iii) and (iv) (D) (i) and (ii)

**23.** Recently, India hosted and chaired the summit of __________ one of the regional and economic groupings. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) SAARC (B) G8

(C) ASEAN (D) G20

**24.** Under __________ unemployment the marginal productivity of a worker is equal to zero. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Seasonal (B) Structural

(C) Involuntary (D) Disguised

**25.** __________ is one of the demographic indicators in which Pakistan is ahead of India and China. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Urbanisation (B) Fertility rate

(C) Population density (D) Sex ratio

**26.** Outsourcing from India has become more intensified in recent times due to the expansion of the __________ sector. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(A) Agriculture (B) Manufacturing

(C) Information Technology (D) Construction

• • •

**27.** मान लीजिए कि, किसी अर्थव्यवस्था में नियमित श्रमिकों की तुलना में आकस्मिक श्रमिकों के प्रतिशत में वृद्धि होती है।
इस स्थिति को कार्यबल ____________ के रूप में जाना जा सकता है। *1*
(रिक्त स्थान भरने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए)

(i) औपचारीकरण
(ii) अनियतीकरण (casualisation)
(iii) बेरोजगारी

**विकल्प :**

(A) (i) और (ii) (B) (ii) और (iii)
(C) केवल (ii) (D) केवल (i)

**28.** (क) "कई अर्थशास्त्रियों का मानना है कि, भारत ने ब्रिटिश औद्योगीकरण के लिए उनकी पोषक अर्थव्यवस्था बनकर बहुत भारी कीमत चुकाई है।"
किसी एक वैध तर्क द्वारा दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। *3*


**अथवा**

(ख) ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में बुनियादी ढाँचे के विकास का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए। *3*

**29.** कुछ अर्थशास्त्रियों का तर्क है कि :
"1991 के आर्थिक सुधारों के उपरांत औद्योगिक क्षेत्र के खराब प्रदर्शन के लिए वैश्वीकरण ने एक प्रमुख भूमिका निभाई"।
दिए गए कथन का औचित्य सिद्ध करने के लिए अपने तर्क प्रस्तुत कीजिए। *3*

**30.** भारत में रोजगार के वितरण से संबंधित निम्नलिखित जानकारी की तुलना व विश्लेषण कीजिए : *4*

**विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार का वितरण (पुरुष-महिला)**



• • •

**27.** Suppose the percentage of casual workers rises in an economy as compared to the regular workers.
This situation may be known as __________ of workforce. *1*

(Choose the correct option to fill in the blank)

(i) Formalisation
(ii) Casualisation
(iii) Unemployment

**Options :**

(A) (i) and (ii)
(B) (ii) and (iii)
(C) only (ii)
(D) only (i)

**28.** (a) "Many economists believe that India paid a very heavy price for the British industrialisation, by becoming their feeder economy."
Justify the given statement with any one valid argument. *3*


**OR**

(b) Critically appraise, infrastructural development in India during the British rule. *3*

**29.** Some economists argue that :
"Post-1991 economic reforms, globalisation played a major role in poor performance of the industrial sector."
Present your arguments to justify the given statement. *3*

**30.** Compare and analyse the following information related to distribution of employment in India : *4*

**Distribution of Employment (Male-Female) in Different Sectors**



• • •

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या* ***30*** *के स्थान पर है।*

"शहरी महिलाओं की तुलना में, ग्रामीण महिलाएँ अधिक कार्यरत पाई जाती हैं।"

वैध स्पष्टीकरण द्वारा दिए गए कथन की पुष्टि कीजिए। *4*

**31.** (क) 1950 – 1990 के मध्य लघु उद्योगों के संरक्षण व संवर्धन के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्हीं दो कदमों का उल्लेख व व्याख्या कीजिए। *4*

**अथवा**

(ख) भारत की योजना अवधि के दौरान कृषि क्षेत्र में संस्थागत सुधार के रूप में भूमि परिसीमन की भूमिका का विस्तार से वर्णन कीजिए। *4*

**32.** शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सरकारी हस्तक्षेप की आवश्यकता के पक्ष में तर्क प्रस्तुत कीजिए। *4*

**33.** (क) (i) 1947 के उपरांत, भारत व पाकिस्तान द्वारा अपनाई गई किन्हीं दो समान विकास रणनीतियों की व्याख्या कीजिए। *3*

(ii) पाकिस्तान में धीमी आर्थिक वृद्धि के किन्हीं दो कारणों का उल्लेख व चर्चा कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) (i) "चीन ने आर्थिक विकास के लिए विशेष आर्थिक क्षेत्रों (Special Economic Zones) के उपकरण का अत्यंत प्रभावी रूप से उपयोग किया था।"

दिए गए कथन का औचित्य मान्य व्याख्या द्वारा सिद्ध कीजिए। *3*

(ii) मानव विकास के ऐसे किन्हीं दो संकेतकों का उल्लेख व चर्चा कीजिए, जहाँ चीन ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। *3*

**34.** निम्नलिखित गद्य को ध्यानपूर्वक पढ़िए :

हाल ही में, केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक राष्ट्रीय स्तर की बहुराज्यीय सहकारी समिति के गठन को मंज़ूरी दी गई है। यह समिति जैविक उत्पादन व निर्यात को प्रोत्साहित कर कृषकों की आय में कई गुना वृद्धि करने में सहायता करेगी।

• • •

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only, in lieu of Q. No.* ***30****.*

"Compared to urban women, more rural women are found working."
Justify the given statement with valid explanation. *4*

**31.** (a) State and explain any two steps undertaken by the Government of India for the protection and promotion of Small-scale Industries between 1950 – 1990. *4*

**OR**

(b) Elaborate the role of land ceiling as an institutional reform in agricultural sector during the planning period of India. *4*

**32.** Argue in favour of the need for different forms of government intervention in education and health sectors. *4*

**33.** (a) (i) Explain any two similar developmental strategies followed by India and Pakistan in post 1947 era. *3*

(ii) State and discuss any two reasons for slow economic growth in Pakistan. *3*

**OR**

(b) (i) "China used the tool of Special Economic Zones for its economic development very effectively."
Justify the given statement with valid explanation. *3*

(ii) Mention and discuss any two indicators of human development, where China has performed well. *3*

**34.** Read the following text carefully :

The National-Level Multi-State Cooperative Society recently approved by the Union Cabinet for promoting organic production and exports, will help the farmers to increase their income manifold.

• • •

आगामी पाँच वर्षों में, प्रत्येक जिले में भूमि परीक्षण व उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप के चयन की व्यवस्था स्थापित की जाएगी।

सरकार ने सभी पंचायतों में एक सहकारी समिति स्थापित करने का भी निर्णय लिया है, जो यह सुनिश्चित करेगी कि केन्द्र सरकार की योजनाएँ कृषकों तक पहुँचें।

यूरिया के व्यापक उपयोग ने कृषि भूमि को हानि पहुँचाई है, तथा लाखों कृषक जैविक खेती की ओर अग्रसर हुए हैं।

बेहतर मूल्य पाने के लिए ऐसे उत्पादों के विपणन और प्रमाणीकरण की आवश्यकता है। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित करना है, कि नकली जैविक उत्पाद बाज़ार में न आएँ।

दिए गए गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) जैविक कृषि को परिभाषित कीजिए। *1*

(ख) जैविक कृषि के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए। *2*

(ग) जैविक उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की व्याख्या कीजिए। *3*

• • •

The arrangements for testing of land and selection of natural form of products will be set up in each district in the coming five years.

Government has also decided to setup a cooperative society in all Panchayats, which will ensure that the Central Government's schemes reach the farmers.

Wide use of urea has spoiled farm land, and lakhs of farmers have moved towards organic farming.

To get better prices, there is a need for marketing and certification of such produce. Furthermore, steps must be taken to ensure that fake organic products do not hit the market.

On the basis of given text and common understanding, answer the following questions :

(a) Define organic farming. *1*

(b) State any two benefits of organic farming. *2*

(c) Explain the steps taken by the government to promote organic products. *3*